ई-न्यूज

# 24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, सोमवार 28 सितम्बर 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 3 अंक 152



## अतिक्रमण पर सख्त होंगे सिंघवी, 48 घंटे में पानी देने की तैयारी; आयड़ नदी और एलिवेटेड रोड की कमियां दूर करने का दावा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर पारस सिंघवी ने शहर के विकास और जनसमस्याओं को लेकर कई मुद्दों पर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट की हैं। आज प्रेसवार्ता में महापौर सिघवी ने कहा कि शहर में किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे किसी का भी हो। फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण भी हटाए जाएंगे, चाहे अतिक्रमण करने वाला किसी राजनीतिक दल का बड़ा पदाधिकारी ही क्यों न हो।

### 72 घंटे की जगह 48 घंटे में पानी देने की तैयारी

शहर में 72 घंटे के अंतराल से हो रही पेयजल आपूर्ति को लेकर सिंघवी ने कहा कि संबंधित अधिकारियों से 48 घंटे में पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था को लेकर चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि पानी की आपूर्ति के दौरान दो घंटे के बजाय एक घंटे में ही पर्याप्त पानी तेज दबाव के साथ उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है।

### आयड़ नदी पर कुछ गलतियां हुईं, अब सुंदर बनाने पर जोर

सिंघवी ने आयड़ नदी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने को लेकर कहा कि वर्तमान विधायक ताराचंद जैन और पूर्व जनप्रतिनिधियों ने भी आयड़ नदी के विकास के लिए कार्य किए हैं। हालांकि, इसमें जो कमियां रह गई हैं, उन्हें दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नदी क्षेत्र में लगाए गए पेड़ उचित समय पर नहीं लग पाने के कारण नुकसान हुआ। आज आयड़ नदी पहले की तरह गंदगी के अंबार से घिरी हुई नहीं है, लेकिन इसे और बेहतर बनाने की जरूरत है। इसके लिए स्वयंसेवी संस्थाओं से चर्चा कर आयड़ नदी को सुंदर बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। इससे नगर निगम के राजस्व की भी बचत हो सकेगी।

### एलिवेटेड रोड के 90 डिग्री कर्व में होगा सुधार

शहर में निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड को लेकर महापौर ने कहा कि जहां भी 90 डिग्री का कर्व आ रहा है, वहां अधिकारियों के साथ बैठकर तकनीकी कमियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोड की उपयोगिता और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जरूरी सुधार किए जाएंगे।

### सेक्टर-4 की मुख्य सड़क से दो दिन में हटेगा अतिक्रमण

सिंघवी ने बताया कि सेक्टर-4 की मुख्य सड़क पर कुछ लोगों ने सड़क किनारे अपना निवास बना लिया है। इसे दो दिन के भीतर हटाने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त रखना निगम की प्राथमिकता है। इस दौरान उपमहापौर दिनेश भट्ट, संभाग मीडिया प्रभारी चंचल अग्रवाल, महामंत्री देवीलाल सालवी, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, डॉ. पंकज बोराणा, पार्षद अशोक नागदा, प्रकाश अग्रवाल, शहर मीडिया प्रभारी सीमा चम्पावत, कृष्णकांत कुमावत, दुदाराम डांगी, गोविंद दीक्षित, डॉ. ओम पारीक, हरीश कुमावत, दीपक कुमावत, राजेश स्वर्णकार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महापौर सिंघवी का सुबह-सुबह शहर दौरा, मौके पर हटवाए अतिक्रमण; सफाई-सौंदर्यीकरण में तेजी के निर्देश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नगर निगम महापौर पारस सिंघवी ने सोमवार सुबह अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और पार्षदों के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था, सीवरेज कार्य, अतिक्रमण और शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया। जहां अव्यवस्था मिली, वहां हाथों-हाथ कार्रवाई करवाते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। महापौर सुबह करीब 9:30 बजे अधिकारियों के साथ शहर के निरीक्षण पर निकले। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर चल रहे कार्यों की प्रगति देखी और अधिकारियों से मौके पर ही जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

### टेकरी में सीवरेज कार्य देखा

सबसे पहले महापौर ने टेकारी सेंट्रल एरिया में चल रहे सीवरेज कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की प्रगति की जानकारी ली और निगम के अधीक्षण अभियंता मनीष अरोड़ा को सीवरेज कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सिंघवी ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान आमजन को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। काम पूरा होने के बाद सड़क और आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित किया जाए। मौके पर पड़ा अनुपयोगी सामान और पाइप भी तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

### उदियापोल में ठेला हटवाया, रेलवे ब्रिज पर सफाई के निर्देश

इसके बाद महापौर ने समाजसेवी गजपाल सिंह के साथ उदियापोल बस स्टैंड के पीछे के क्षेत्र का निरीक्षण किया। यहां मूत्रालय के समीप खड़े ठेले को मौके से हटवाया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में अनावश्यक रूप से खड़े ठेलों और अन्य अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों के आवागमन में बाधा नहीं आए। रेलवे ब्रिज के दोनों छोर पर बढ़ी हुई झाड़ियों को हटाकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ ही रंग-रोगन का कार्य शुरू करने के निर्देश भी दिए गए।

## शेयर बाजार में फिर भूचाल: सेंसेक्स 1,124 अंक टूटा, निफ्टी 22,780 पर बंद, निवेशकों की दौलत 7 लाख करोड़ घटी



24 न्यूज अपडेट

मुंबई, 28 सितंबर। भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव सोमवार को और गहरा गया। सेंसेक्स 1,124 अंक यानी 1.52% टूटकर 72,772 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 360 अंक यानी 1.56% गिरकर 22,780 पर आ गया। बाजार में यह लगातार आठवें सप्ताह की गिरावट है। सोमवार की बिकवाली में बैंकिंग और बड़े इंडेक्स हैवीवेट शेयरों पर खास दबाव रहा। दिनभर की गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण करीब 482 लाख करोड़ से घटकर 475 लाख करोड़ के आसपास आ गया। यानी एक ही कारोबारी सत्र में निवेशकों की बाजार संपत्ति में करीब 7 लाख करोड़ की कमी आई। हालांकि यह पूरी तरह वास्तविक नुकसान नहीं माना जाता, क्योंकि शेयरधारक के शेयर तब तक बिके नहीं हैं। कीमतों में गिरावट से बाजार मूल्य घटता है, लेकिन वास्तविक लाभ-हानि बिक्री के समय तय होती है।

### अमेरिका-ईरान तनाव से तेल महंगा, बाजार पर दोहरा दबाव

सोमवार की गिरावट के पीछे सबसे बड़ा दबाव अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद बातचीत को लेकर अनिश्चितता बढ़ी। इसके चलते ब्रेंट क्रूड करीब $106.7 प्रति बैरल तक पहुंच गया। भारत दुनिया के बड़े कच्चे तेल आयातकों में शामिल है, इसलिए महंगा तेल आयात बिल, महंगाई और कंपनियों की लागत पर दबाव बढ़ा सकता है।

### अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और विदेशी बिकवाली भी बनी चिंता

बाजार की धारणा पर अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली का भी असर रहा। 25 सितंबर को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने करीब 3,694 करोड़ की बिकवाली की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने करीब 2,838 करोड़ की खरीदारी की। ऊंची अमेरिकी बॉन्ड यील्ड निवेशकों के लिए डॉलर आधारित परिसंपत्तियों को आकर्षक बना सकती है। ऐसे माहौल में उभरते बाजारों से विदेशी पूंजी निकासी का दबाव बढ़ सकता है।

### सेंसेक्स के सभी शेयरों पर दबाव

सोमवार को बिकवाली व्यापक रही। सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। बैंकिंग और वित्तीय शेयरों के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, एसबीआई, भारती एयरटेल और हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसे बड़े शेयर भी दबाव में रहे।

### सात हफ्तों में करीब 18.5 लाख करोड़ की बाजार संपत्ति कम

सोमवार की गिरावट से पहले ही भारतीय बाजार लगातार सात सप्ताह की गिरावट देख चुका था। इस अवधि में सेंसेक्स और निफ्टी करीब 6% तक नीचे आ चुके थे और बाजार पूंजीकरण में लगभग 18.5 लाख करोड़ की कमी आ चुकी थी। अब आठवें सप्ताह की शुरुआत भी तेज गिरावट के साथ हुई है।

## 'वोट चोरी' के मुद्दे पर जयपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन, वाटर कैनन के बाद गहलोत-डोटासरा समेत नेता हिरासत में



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 28 सितम्बर। 'वोट चोरी' और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों के मुद्दे को लेकर राजस्थान कांग्रेस ने सोमवार को जयपुर में चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया। शहीद स्मारक पर सभा के बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता चुनाव आयोग कार्यालय की ओर कूच करने लगे। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर मार्च को रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हुई, जिसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। वाटर कैनन के इस्तेमाल के बाद पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा समेत कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। सभी को पुलिस वाहनों से विद्याधर नगर थाने ले जाया गया। बाद में थाने में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने धरना दिया और नारेबाजी की।

### गहलोत बोले- लोकतंत्र बचाने की लड़ाई

शहीद स्मारक पर सभा को संबोधित करते हुए अशोक गहलोत ने चुनाव प्रक्रिया और परिसीमन को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। गहलोत ने असम के परिसीमन का हवाला देते हुए आगामी विधानसभा और लोकसभा परिसीमन को लेकर भी आशंका जताई। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से लोगों के बीच जाकर चुनाव और लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों को समझाने का आह्वान किया। गहलोत ने इसे लोकतंत्र बचाने की लड़ाई बताते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय रहने को कहा।

### डोटासरा ने SIR को लेकर

चुनाव आयोग पर लगाए आरोप प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी SIR को लेकर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन केवल एक दिन का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि कार्यकर्ता इन मुद्दों को लेकर आमजन के बीच जाएंगे। डोटासरा ने जांच एजेंसियों के इस्तेमाल को लेकर भी केंद्र और भाजपा पर आरोप लगाए तथा कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भीतर रहकर संघर्ष कर रही है। उनके कुछ वक्तव्यों में चुनाव आयोग और उसके अधिकारियों के खिलाफ बेहद तीखी भाषा का इस्तेमाल भी हुआ।

### रंधावा बोले- लोकतंत्र के लिए गिरफ्तारी दी

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने हिरासत में लिए जाने के बाद कहा कि उन्होंने देश और लोकतंत्र के लिए गिरफ्तारी दी है। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर राजनीतिक पक्षपात के आरोप लगाए। ये आरोप कांग्रेस नेताओं की ओर से लगाए गए हैं।



## तलाक के बाद बच्चे के पासपोर्ट पर पिता का नाम जरूरी नहीं: राजस्थान हाईकोर्ट का अहम फैसला, मां के नाम से ही होगा पासपोर्ट



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने बच्चे के पासपोर्ट से जुड़े एक अहम मामले में स्पष्ट किया है कि यदि माता-पिता का तलाक हो चुका है, बच्चे की पूरी कस्टडी मां के पास है और पिता ने बच्चे से संबंध समाप्त कर लिए हैं, तो पासपोर्ट पर पिता का नाम दर्ज करना अनिवार्य नहीं है। ऐसी स्थिति में केवल मां का नाम दर्ज कर बच्चे का पासपोर्ट जारी किया जा सकता है। जस्टिस मनीष शर्मा की अदालत ने नाबालिग बच्चे की ओर से उसकी मां द्वारा दायर याचिका का निस्तारण करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने पासपोर्ट कार्यालय के 13 मई 2024 के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें पासपोर्ट रिन्यू कराने के लिए पिता का नाम बताते हुए शपथ पत्र मांगा गया था। अदालत ने पासपोर्ट अथॉरिटी को निर्देश दिया कि एक महीने के भीतर पिता का नाम दर्ज किए बिना केवल मां के नाम से बच्चे का पासपोर्ट रिन्यू कर जारी किया जाए।

### 2019 में मां के नाम से बना था पासपोर्ट

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अर्चित बोहरा ने बताया कि मामला 14 वर्षीय नाबालिग से जुड़ा है। बच्चे के माता-पिता का विवाह 6 जून 2010 को हुआ था और बच्चे का जन्म 24 दिसंबर 2011 को हुआ। बाद में आपसी सहमति से दोनों का तलाक हो गया। 14 अक्टूबर 2017 की तलाक डिक्री में बच्चे की पूरी कस्टडी मां को सौंप दी गई थी। इसके बाद वर्ष 2019 में मां ने सिंगल पेरेंट के रूप में बच्चे का पासपोर्ट बनवाया था, जिसमें केवल मां का नाम दर्ज था। यह पासपोर्ट 7 मई 2024 तक वैध था। इसकी अवधि समाप्त होने से पहले मां ने 5 अप्रैल 2024 को रिन्यूअल के लिए आवेदन किया, लेकिन पासपोर्ट कार्यालय ने 13 मई को पिता का नाम बताते हुए शपथ पत्र प्रस्तुत करने की शर्त लगा दी।

### सरकार ने नियमों का दिया हवाला

सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि पासपोर्ट मैनुअल और विदेश मंत्रालय के 28 फरवरी 2023 के स्पष्टीकरण के अनुसार विवाहित माता-पिता से जन्मे नाबालिग बच्चे के मामले में दोनों अभिभावकों के नाम उपलब्ध कराना जरूरी है, भले ही बाद में उनका तलाक हो गया हो। सरकार ने यह भी तर्क दिया कि पिता का नाम तभी हटाया जा सकता है, जब पिता अज्ञात हो या बच्चे के जन्म के बाद उसका बच्चे से संपर्क नहीं रहा हो अथवा उसने मां और बच्चे से संबंध समाप्त कर लिए हों।

## संपादकीय : भरोसे का संकट

एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि शासन की दिशा तय करने और राष्ट्र निर्माण में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर भी होता है। इसलिए चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए बेहद जरूरी है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस जिम्मेदारी का प्रमुख संस्थागत दायित्व चुनाव आयोग के पास है। मगर जब इस संवैधानिक संस्था की कार्यप्रणाली ही संदेह के घेरे में आ जाए, तो उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। आयोग के भीतर मतभेद और असहमति हाल ही में जिस रूप में सामने आई है, उसको लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भरोसे का संकट पैदा हो गया है। विपक्ष इस मुद्दे पर हमलावर है और सत्तारूढ़ भाजपा बचाव की मुद्रा में है। मगर राजग के कुछ सहयोगी दलों के सुर अब अलग नजर आ रहे हैं। इस सब के बीच यह प्रश्न महत्त्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग खुद आगे आकर तमाम सवालों के संतोषजनक जवाब क्यों नहीं दे पा रहा है! खबरों के मुताबिक, दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले दस माह में निर्वाचन आयोग के फैसलों पर चौदह बार लिखित आपत्तियां दर्ज कीं। इनमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और फार्म - 6 में बदलावों को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए थे। हालांकि, यह पहली दफा नहीं है, जब आयोग के भीतर मतभेद सामने आए हैं, लेकिन इस बार असहमति का संबंध सीधे तौर पर मतदाताओं के अधिकार से जुड़ा है। यह विवाद ऐसे वक्त में उजागर हुआ है, जब विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, चुनाव आयोग की ओर से शनिवार को बयान जारी कर कहा गया कि एसआइआर से जुड़े सभी आदेश आम सहमति से जारी किए गए थे और मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए फार्म -6 में किए गए बदलावों को उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा है। इससे पहले विपक्ष ने दावा किया था कि फार्म-6 में संशोधन करने की शक्ति सिर्फ केंद्र सरकार के पास है। ऐसे में सवाल यह भी है कि फिर चुनाव आयोग ने क्यों और किस शक्ति का इस्तेमाल करके फार्म-6 में संशोधन किया? मतदाताओं को इसका स्पष्ट जवाब अभी तक नहीं मिल पाया है। चुनाव आयोग के पक्ष में खड़ी भाजपा का तर्क है कि विचार-विमर्श के दौरान निर्वाचन आयुक्तों की ओर से अलग- अलग राय व्यक्त करना लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। मगर यहां सवाल वैचारिक मतभेदों का नहीं, बल्कि नियम-कानूनों से जुड़े प्रावधानों का है। जब कोई निर्णय मतदान के अधिकार से संबंधित हो, तो क्या मतदाताओं को यह जानकारी नहीं होनी चाहिए कि इसकी जरूरत क्यों महसूस की गई ? पुनरीक्षण प्रक्रिया में पश्चिम बंगाल में जिस तरह से लाखों लोगों को मतदाता सूची से बाहर किया गया और अब अपीलों पर सुनवाई के दौरान नब्बे फीसद से अधिक मतदाताओं की सूची में बहाली भी कई सवाल खड़े करती है। देश भर में अब तक एसआइआर के तहत तेरह करोड़ से ज्यादा लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। अगर सभी राज्यों में मतदाताओं की बहाली का यही अनुपात रहे, तो क्या यह लोकतांत्रिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाएगा ? लाखों की संख्या में जो पात्र मतदाता विधानसभा चुनावों में अपने मताधिकार से वंचित रह गए, उसके लिए कौन जिम्मेदार है? ये ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब चुनाव आयोग को ही देना होगा।

## नाकामी का सिरा

करीब तीन साल से ज्यादा गुजर जाने के बावजूद आज भी मणिपुर में जो हालात है, उससे वही लगता है कि या तो सरकार को समस्या के समाधान का कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है या फिर स्थिति की जटिलता को लेकर शासन-प्रशासन उदासीन है। वरना इतने वक्त में सभी पक्षों को संवाद की मेज पर लाकर कोई सर्वमान्य हल निकालने के बजाय आखिर ऐसा क्यों है कि संकट का स्तर ज्यों का त्यों बना हुआ है। आज भी अलग-अलग जातीय समुदाय कई जगहों पर एक दूसरे के खिलाफ खड़े हैं और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। स्थिति का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सरकार को एक बार फिर से कुछ इलाकों को छोड़ कर मणिपुर को अशांत क्षेत्र घोषित करने की जरूरत पड़ गई। जाहिर है, राज्य में हिंसा पर काबू पाने में शुरुआती लापरवाही का सिरा अब भी कायम है और सरकार एक तरह से लाचार दिख रही है। क्या यह राज्य में कानून-व्यवस्था को संभाल पाने में सरकार की नाकामी का सबूत नहीं है ? गैरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नगालैंड के कुछ जिलों के साथ-साथ मणिपुर में तेरह थाना क्षेत्रों को छोड़ कर समूचे राज्य को फिर से अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। अब इन इलाकों में एक अक्तूबर के बाद अगले छह महीनों तक यह नियम लागू रहेगा। दूसरी ओर, मणिपुर के कामजोंग जिले में तांग नगा समुदाय के चार लोगों के गोलियों से छलनी शव मिले। दरअसल, मणिपुर में हिंसा के एक जटिल दुश्चक्र में पहुंच जाने की वजह सरकार की वह अनदेखी है, जो सामान्य दिनों में की गई। मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के सवाल पर उपजे विवाद ने कुकी- जो समुदाय के साथ टकराव का रूप ले लिया और मई 2023 में हिंसा की शुरुआत हुई। उससे पहले ही अगर सरकार ने जरूरी सजगता दिखाई होती, तो हालात यहां तक नहीं पहुंचते । आज भी न केवल कुकीजो और मैतेई समुदायों के बीच हिंसक टकराव जारी है, बल्कि उस हिंसा का विस्तार अन्य समुदायों तक भी हो गया है। सवाल है कि अक्सर सब कुछ ठीक हो जाने का दावा करती केंद्र और राज्य सरकार के भीतर इस समस्या को खत्म करने और टकराव के मोर्चे पर खड़े अलग-अलग पक्षों के बीच संवाद कायम कर एक हल तक पहुंचने की इच्छाशक्ति क्यों नहीं दिखती।

## पराया की भागल में जल्द दौड़ेगा BSNL का 4G नेटवर्क, ग्राम पंचायत ने 2000 वर्गफीट का नि:शुल्क पट्टा जारी किया




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 सितंबर। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण लंबे समय से मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे पराया की भागल के ग्रामीणों के लिए राहत की खबर है। गांव में अब जल्द ही BSNL का 4G मोबाइल टावर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायत ने 2,000 वर्गफीट भूमि का नि:शुल्क पट्टा जारी कर दिया है। BSNL के 4G सैचुरेशन प्रोजेक्ट के तहत पराया की भागल के साथ बड़गांव उपखंड के पीपड़, कुंडल और तुला गांवों को भी चिन्हित किया गया है। पराया की भागल में टावर स्थापित करने के लिए BSNL की ओर से भूमि की मांग की गई थी, लेकिन बिलानाम भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही थी। मामले की जांच के बाद ग्राम पंचायत ने आबादी भूमि में से 2,000 वर्गफीट भूमि का नि:शुल्क पट्टा जारी कर दिया। विकसित भारत सेवा सेतु अभियान के तहत बड़गांव में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी मनसुख डामोर, तहसीलदार हितेश त्रिवेदी और विकास अधिकारी अजीत मीणा की मौजूदगी में पट्टा BSNL प्रतिनिधि को सौंपा गया। उपखंड अधिकारी के निर्देश पर ग्राम विकास अधिकारी रामा ने मौके पर ही पट्टा जारी करने की कार्रवाई पूरी की। अब BSNL की ओर से जल्द ही टावर स्थापित करने का काम शुरू किया जाएगा। टावर शुरू होने के बाद क्षेत्र की करीब 2 हजार की आबादी को बेहतर 4G नेटवर्क सुविधा मिलने की उम्मीद है। इससे ग्रामीणों और विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा समेत ई-मित्र, चिकित्सा, डिजिटल सेवाओं और अन्य आईटी आधारित कार्यों में बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी। लंबे समय से नेटवर्क की समस्या झेल रहे ग्रामीणों के लिए यह सुविधा रोजमर्रा के डिजिटल कामों को भी आसान बनाएगी।

## गवरी को पाखंड बताने वाली टिप्पणी पर बवाल, कलेक्ट्री पर प्रदर्शन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर में आदिवासी समाज की पारंपरिक गवरी नृत्य परंपरा को लेकर सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्री पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। लोगों का कहना था कि सोशल मीडिया पर गवरी को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से आदिवासी समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। प्रदर्शनकारियों के अनुसार गवरी आदिवासी समाज की सदियों पुरानी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा है, जिसे समाज ने पीढ़ियों से सहेजकर रखा है। ऐसे में इस परंपरा को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मामले की जांच कर संबंधित युवक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी टिप्पणियों की पुनरावृत्ति नहीं हो।

### गवरी के पात्रों के श्रृंगार पर उठाए थे सवाल

जानकारी के अनुसार करीब तीन दिन पहले युवक ने गवरी नृत्य करने वाले एक व्यक्ति से बातचीत का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया था। वीडियो में उसने गवरी के पात्रों और उनकी वेशभूषा को लेकर सवाल उठाए। युवक ने सवाल किया था कि गवरी करने वाले पुरुष पैरों में घुंघरू, कानों में कुंडल और चेहरे पर लिपस्टिक क्यों लगाते हैं। वीडियो में उसने इस परंपरा को 'पाखंडवाद' बताया और गवरी में माता, शिव और पार्वती के स्वरूप को लेकर भी सवाल उठाए। वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद आदिवासी समाज के लोगों ने विरोध शुरू हो गया। लोगों ने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई और सोमवार को कलेक्ट्री पहुंचकर प्रदर्शन किया।

### दूसरे दिन वीडियो जारी कर मांगी माफी

विरोध बढ़ने के बाद युवक ने अगले ही दिन एक और वीडियो सोशल मीडिया पर जारी किया। इसमें उसने अपनी टिप्पणी को लेकर माफी मांगी। हालांकि, प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मामले में केवल माफी पर्याप्त नहीं है और प्रशासन को पूरे प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करनी चाहिए।

## भीलवाड़ा में दो परिवारों के बीच क्रॉस फायरिंग: तीन मुख्य आरोपी गिरफ्तार, टोपीदार बंदूक-तलवार और कुल्हाड़ी बरामद



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के कीर खेड़ा गांव में दो परिवारों के बीच हुई क्रॉस फायरिंग और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल टोपीदार बंदूक, तलवार और कुल्हाड़ी बरामद की है। तीनों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सुभाष नगर थाना प्रभारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि 12 सितंबर को सांगानेर चौकी क्षेत्र के कीर खेड़ा गांव में क्रॉस फायरिंग की घटना हुई थी। मामले में गोपाल कीर और सोनू कीर ने लखन कीर, सत्तू माली, यीशु हरिजन, राधेश्याम जाट, शुभम तेली, युगल सिंह राजपूत, देवराज तेली, सुनील कबाड़ी, अंकित सेन, विनय प्रताप सिंह सहित अन्य लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने शुभम तेली, युगल राज सिंह चौहान, लखन कीर, गोपाल कीर और सोहनलाल कीर समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। अब पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी विनय प्रताप सिंह, सत्तू माली और राधेश्याम जाट को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस तरह मामले में अब तक आठ आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि चार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कोर्ट में पेशी के दौरान तीनों मुख्य आरोपी लंगड़ाते हुए नजर आए। पुलिस ने बताया कि सत्तू माली के खिलाफ धरियावद (प्रतापगढ़), सुभाष नगर, कोतवाली और सदर थानों में अलग-अलग धाराओं में सात मामले दर्ज हैं। वहीं, विनय प्रताप सिंह के खिलाफ भीमगंज, बनेड़ा, सदर और कोतवाली थानों में सात मामले दर्ज बताए गए हैं।

## डूंगरपुर की नवनिर्वाचित सभापति सुशीला गुप्ता का उदयपुर में अभिनंदन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नगर निगम चुनाव 2026 में डूंगरपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित सभापति सुशीला गुप्ता के पहली बार उदयपुर आगमन पर उनके निज आवास पर मेवाड़ विकास मंच एवं कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन की ओर से आत्मीय अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजश्री गांधी के सानिध्य में सुशीला गुप्ता को उपरना एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा और नगर विकास के क्षेत्र में सफल कार्यकाल की मंगलकामना की गई। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर के.के. गुप्ता का भी संगठन की ओर से सम्मान किया गया। राष्ट्रीय समन्वयक शिरीष नाथ माथुर, प्रदेश उपाध्यक्ष पारस खुरदिया और जिला अध्यक्ष प्रवीण नाहर ने उन्हें पगड़ी एवं उपरना पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मौजूद पदाधिकारियों और गणमान्यजनों ने नवनिर्वाचित सभापति सुशीला गुप्ता को बधाई देते हुए डूंगरपुर के विकास, स्वच्छता और जनहित से जुड़े कार्यों में सकारात्मक भूमिका की अपेक्षा जताई।

## लक्ष्मी मीणा का राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में चयन, गांव की पहली बालिका बनीं



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 सितम्बर। कुराबड़ ब्लॉक की शिशवी ग्राम पंचायत के जनजाति बहुल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ऊंकार की छात्रा लक्ष्मी मीणा का झुंझुनू में आयोजित होने वाली 70वीं 19 वर्षीय राज्य स्तरीय विद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। लक्ष्मी का चयन जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तर पर उदयपुर टीम में हुआ है। वह झुंझुनू में आयोजित प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगी। विद्यालय की प्रधानाचार्य भावना वत्रा ने बताया कि लक्ष्मी मीणा ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर अपनी जगह बनाई है। लक्ष्मी के चयन के साथ ही ऊंकार गांव से पहली बार किसी विद्यार्थी का राज्य स्तर पर चयन होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इससे जनजाति बहुल गांव में उल्लास और खुशी का माहौल है। लक्ष्मी की इस उपलब्धि से गांव के अन्य बालक-बालिकाओं में भी खेल एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उनकी सफलता ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। लक्ष्मी के राज्य स्तरीय चयन पर ऊंकार सरपंच किशन लाल मीणा, समाजसेवी बंशीलाल रेबारी, गणपत सिंह, भेरूलाल मीणा, सीबीईओ मीना शर्मा, विद्यालय स्टाफ तथा ग्रामवासियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्साहवर्धन किया।

## दंगल में बेटियों का जलवा: आठ पदकों के साथ छात्राओं ने रचा इतिहास



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 सितम्बर। जिला अल्पसंख्यक एवं कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अल्पसंख्यक बालिका आवासीय विद्यालय, नयाखेड़ा की छात्राओं ने कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 70 वीं जिला स्तरीय विद्यालयी कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 में कुल आठ पदक अपने नाम किए। छात्राओं ने दमखम दिखाते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी खुशबू शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के 14 वर्ष आयु वर्ग के 50 किलोग्राम भार वर्ग में कक्षा 8 की छात्रा शेर बानू ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा 8 की रहनुमा बानू ने 46 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने बताया कि दोनों ही छात्राओं का चयन 1 अक्टूबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। साथ ही अरिना ने 14 वर्ष आयु वर्ग के 33 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया, जबकि महीनूर ने 30 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। खुशबू शर्मा ने बताया कि छात्राओं की सफलता में विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका शबाना खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने छात्राओं को नियमित प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। इसी क्रम में मनतशा खान ने 17 वर्ष आयु वर्ग के 42 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। इरम ने भी 17 वर्ष आयु वर्ग में कांस्य पदक, 19 वर्ष में सुहाना एवं मुस्कान ने भी 55 व 59 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय की पदक तालिका में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -**
desk24newsupdate@gmail.com
wathsapp : 8852073787

# गुमनाम रहकर बाल यौन शोषण सामग्री देखने-शेयर करने वालों पर राजस्थान पुलिस का शिकंजा, 15,326 मोबाइल नंबर और 7,800 प्रोफाइल ब्लॉक

24 न्यूज अपडेट



जयपुर, 28 सितंबर। बाल यौन शोषण सामग्री (CSEAM) के प्रसार के खिलाफ राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और एनसीएमईसी की टिपलाइन रिपोर्ट के आधार पर 15,326 मोबाइल नंबर, करीब 7,800 यूआरएल/सोशल मीडिया प्रोफाइल और 100 डिवाइस चिन्हित कर ब्लॉक करवाए हैं। प्रदेश के कई जिलों में ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई भी की गई है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर चल रही कार्रवाई की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम वी.के. सिंह ने बताया कि टेलीग्राम और डिस्कॉर्ड जैसे प्लेटफॉर्म पर ग्रुप अथवा पेड ग्रुप और चैनल बनाकर बाल यौन शोषण संबंधी आपत्तिजनक सामग्री का आदान-प्रदान किया जा रहा है। इनमें कई लोग फर्जी अथवा गुमनाम पहचान के साथ जुड़ते हैं। पुलिस के अनुसार कई मामलों में सामग्री निजी संदेशों के जरिए भेजी जाती है, जबकि कुछ मामलों में गूगल ड्राइव या अन्य क्लाउड स्टोरेज पर सामग्री अपलोड कर उसका लिंक साझा किया जाता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस की नजर से बचने के लिए कोडेड शब्दों और हैशटैग का इस्तेमाल किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। कई बार इंस्टाग्राम या फेसबुक से संपर्क शुरू करने के बाद बातचीत को अपेक्षाकृत कम निगरानी वाले प्लेटफॉर्म पर ले जाया जाता है।

## एनसीएमईसी रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर

एडीजी वी.के. सिंह के अनुसार एनसीएमईसी की टिपलाइन रिपोर्ट के आधार पर बार-बार ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए लोगों को चिन्हित किया गया। चूरू, नागौर, अलवर, खैरथल-तिजारा, सीकर, हनुमानगढ़ और चित्तौड़गढ़ जिलों के संबंधित थानों में ऐसे मामलों में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। राजस्थान पुलिस अन्य राज्यों की पुलिस एजेंसियों के साथ भी समन्वय कर ऐसे ग्रुप और नेटवर्क पर नजर रख रही है। सीएसईएएम के आदान-प्रदान में सक्रिय लोगों की पहचान होने पर संबंधित राज्य की पुलिस को सूचना देकर कानूनी कार्रवाई के लिए समन्वय किया जा रहा है।

## डिजिटल ट्रेल से हो रही पहचान

राजस्थान पुलिस ने चेताया है कि इंटरनेट पर फर्जी नाम या गुमनाम पहचान के पीछे छिपकर ऐसी सामग्री देखना, डाउनलोड करना, रखना या साझा करना सुरक्षित नहीं है। पुलिस तकनीकी माध्यमों से डिजिटल गतिविधियों की निगरानी कर रही है और उपलब्ध डिजिटल ट्रेल के आधार पर संबंधित अकाउंट, मोबाइल नंबर और अन्य कड़ियों की पहचान की जा रही है। पुलिस के मुताबिक बाल यौन शोषण संबंधी सामग्री से जुड़ी गतिविधियां पॉक्सो अधिनियम, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत गंभीर दंडनीय अपराध हैं।

## अभिभावकों से भी सतर्क रहने की अपील

राजस्थान पुलिस ने अभिभावकों से बच्चों के मोबाइल और इंटरनेट इस्तेमाल पर नजर रखने तथा उन्हें असुरक्षित ऑनलाइन गतिविधियों के प्रति जागरूक करने की अपील की है। किसी संदिग्ध लिंक, समूह, चैनल या ऐसी सामग्री की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की सलाह दी गई है। एडीजी वी.के. सिंह ने नागरिकों से संदिग्ध साइबर गतिविधियों की सूचना साइबर हेल्पलाइन 1930 या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर देने का आह्वान किया है। पुलिस ने कहा है कि साइबर क्राइम शाखा ऐसी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुए नेटवर्क और बार-बार अपराध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगी।

# 106 किलो 340 ग्राम डोडाचूरा से भरी कार जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 28 सितंबर। गंगरार थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कार्रवाई करते हुए 106 किलो 340 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा बरामद कर मारुति स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की। पुलिस ने कार सवार रोहित कुमावत (29) निवासी देवनगर दुर्गावता बालेसर, थाना बालेसर, जोधपुर और शेरूसिंह (25) निवासी राजगढ़, थाना बालेसर, जोधपुर को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आईजी उदयपुर रेंज के विशेष अभियान के तहत कार्रवाई एएसपी गजेन्द्र सिंह जोधा के निर्देशन और वृत्ताधिकारी गंगरार उदयसिंह के पर्यवेक्षण में की गई। थानाधिकारी तुलसीराम को मुखबिर से चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा हाईवे पर डोडाचूरा परिवहन की सूचना मिली थी। कोर्ट पुलिया पर नाकाबंदी के दौरान कार पुलिस को देखकर यू-टर्न लेने लगी और बिजली के पोल से टकराकर रुक गई। तलाशी में 7 प्लास्टिक कट्टों से डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। मामले में मादक पदार्थ उपलब्ध कराने और परिवहन में शामिल अन्य लोगों के संबंध में अनुसंधान जारी है। कार्रवाई में थानाधिकारी तुलसीराम, कांस्टेबल बाबूलाल, दिनेश चौधरी, रोहिताश, भेरूलाल (चालक), जिला विशेष टीम के एएसआई अजयपाल, रणवीरसिंह, कांस्टेबल नारायण, छोटूसिंह, महेश कुमार और बहादुर सिंह (चालक) शामिल रहे।

# डूंगरपुर में दूध डेयरी बूथ में चोरी, 10 हजार नकद समेत हजारों का सामान ले गए चोर



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। शहर में चोरों ने एक दूध डेयरी बूथ को निशाना बनाते हुए नकदी और सामान पर हाथ साफ कर दिया। वारदात वीकेबी गर्ल्स कॉलेज रोड पर हुई, जहां अज्ञात बदमाश बूथ का ताला तोड़कर करीब 10 हजार रुपए नकद और हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। बूथ मालिक भरतलाल भावसार रविवार शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह जब वे बूथ पर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। गल्ले में रखी नकदी भी गायब मिली। चोरी का पता चलते ही उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने भरतलाल भावसार की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनकी तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं। रात के समय हुई इस चोरी से इलाके में भी सुरक्षा को लेकर सवाल उठे हैं।

# अवैध शराब पर आबकारी विभाग का शिकंजा, 3.55 लाख लीटर वॉश नष्ट; 416 गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 सितंबर। प्रदेश में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग का विशेष निरोधात्मक अभियान लगातार जारी है। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेशभर में नाकाबंदी, गश्त और दबिश के जरिए अवैध मदिरा के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत अब तक 3 लाख 55 हजार 711 लीटर वॉश नष्ट की जा चुकी है, जबकि अवैध मदिरा से जुड़े मामलों में 416 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 27 सितंबर 2026 तक हुई कार्रवाई के अनुसार प्रदेशभर में 1064 अभियोग दर्ज किए गए। इस दौरान देशी मदिरा के 2988 लीटर, भारत निर्मित विदेशी मदिरा के 10,552 लीटर और बीयर के 1370 लीटर की जब्ती की गई। जब्त शराब की कुल लागत क्रमशः 8 लाख 17 हजार 785 रुपए, 1 करोड़ 4 लाख 96 हजार 520 रुपए और 3 लाख 1 हजार 501 रुपए बताई गई है। इसके अलावा 8937 लीटर हथकड़ शराब और 350 लीटर स्प्रिट भी जब्त की गई। अभियान के दौरान अवैध शराब के परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे 36 वाहन भी जब्त किए गए हैं। इनमें एक बड़ा वाहन, 13 चार पहिया और 22 दोपहिया वाहन शामिल हैं।

## कई जिलों में दबिश, शराब और वॉश जब्त

आबकारी निरोधक दलों ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में अलग-अलग कार्रवाई की। सिरोही में अनुज्ञापत्र की शर्तों के उल्लंघन पर चार अभियोग दर्ज किए गए। रेवदर आबकारी थाना क्षेत्र में 40 अंग्रेजी शराब के पव्वे जब्त किए गए। अजमेर ग्रामीण में दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। केकड़ी में 21 पव्वे देशी शराब जब्त करने के साथ 150 लीटर वॉश नष्ट की गई। बारां के छबड़ा उपखंड में ईपीएफ टीम ने कार्रवाई करते हुए 52 लीटर हथकड़ शराब और 24 पव्वे देशी शराब बरामद की। कोटा के रामगंजमंडी क्षेत्र में 70 पव्वे देशी शराब, 28 पव्वे आईएमएफएल, 16 पव्वे आरएमएल और 30 बीयर की बोतलें जब्त की गईं। झालावाड़ में कार्रवाई के दौरान 800 लीटर वॉश नष्ट की गई। इसके साथ 55 लीटर हथकड़ शराब, 121 पव्वे देशी शराब और 44 पव्वे आरएमएल जब्त कर अभियोग दर्ज किए गए। पाली में आबकारी दल ने दबिश देकर देशी और अंग्रेजी शराब की बड़ी मात्रा जब्त करते हुए तीन अभियोग दर्ज किए। वहीं बांसवाड़ा में एक मोटरसाइकिल से 70 बोतल हथकड़ शराब बरामद की गई। कुशलगढ़ थाना क्षेत्र में भी 11 बोतल हथकड़ शराब जब्त कर मामला दर्ज किया गया।

# फोटो-वीडियो के नाम पर महिला को परेशान और ब्लैकमेल करने वाला व्यक्ति डिटेन




24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़, 28 सितंबर। महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। फोटो-वीडियो के नाम पर महिला को परेशान करने और ब्लैकमेल करने की शिकायत पर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट और महिला थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को डिटेन किया। महिला थाना अधिकारी रेणु खोईवाल ने बताया कि 14 सितंबर 2026 को एक महिला ने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के माध्यम से शिकायत दी थी। महिला ने बताया कि उसकी पूर्व में नाथद्वारा निवासी भरत पालीवाल से दोस्ती थी, लेकिन अब वह उसके फोटो और वीडियो को लेकर उसे लगातार परेशान और ब्लैकमेल कर रहा है। शिकायतकर्ता ने संबंधित थाने में कार्रवाई नहीं चाहने की बात कही थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शिकायत की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान 25 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि उक्त व्यक्ति महिला का पीछा कर रहा है और उसे लगातार परेशान कर रहा है। महिला की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संबंधित व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए महिला थाना अधिकारी रेणु खोईवाल के नेतृत्व में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला पुलिसकर्मियों ने सादे कपड़ों में निगरानी शुरू की। निगरानी के दौरान जैसे ही उक्त व्यक्ति महिला को परेशान करने के उद्देश्य से उसके आसपास दिखाई दिया, पहले से सादे कपड़ों में तैनात महिला पुलिसकर्मियों और महिला थाना पुलिस की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे डिटेन कर लिया। पुलिस के अनुसार संबंधित फोटो और वीडियो डिलीट करवाए गए। साथ ही भविष्य में महिला को किसी भी तरह परेशान या ब्लैकमेल नहीं करने के लिए उसे पाबंद किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर लगातार निगरानी और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बिजली लाइन के टूटे तार की चपेट में आया व्यक्ति, करंट लगने से मौत

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। बाघपुरा थाना क्षेत्र के बलोलिया गांव में बिजली लाइन का तार टूटने से करंट की चपेट में आए एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना 27 सितंबर 2026 की सुबह करीब 6 बजे की बताई गई है। पुलिस के अनुसार, परिवादी कमलेश पिता रणछोड़ उर्फ रमेश दामा, उम्र 23 वर्ष, निवासी बलोलिया, थाना बाघपुरा, जिला उदयपुर ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि उसके पिता रणछोड़ उर्फ रमेश पिता शांतिलाल, उम्र 45 वर्ष, जाति दामा, निवासी बलोलिया की बिजली लाइन के तार टूटने से करंट लग गया, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना के बाद बाघपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में एसएचओ गोपाल सिंह मीणा का उल्लेख है।

# फलासिया में हत्या का मामला, फंदा लगाकर साक्ष्य मिटाने का आरोप

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। फलासिया थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत के मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए प्रकरण दर्ज किया गया है। मृतक के बेटे भुवनेश ने भंवरलाल व अन्य के खिलाफ अपने पिता की हत्या करने और घटना के साक्ष्य मिटाने के लिए उनके गले में फांसी का फंदा बनाने का आरोप लगाया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, परिवादी भुवनेश पुत्र सुखलाल दामा, निवासी बिजली, थाना फलासिया, जिला उदयपुर ने 27 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में घटना 23 सितंबर रात की बताई गई है। परिवादी का आरोप है कि अभियुक्त भंवरलाल व अन्य ने उसके पिता की हत्या की और इसके बाद हत्या के साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उनके गले में फांसी का फंदा बना दिया। फलासिया थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1), 238(ए) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रकरण में भंवरलाल व अन्य को आरोपी बनाया गया है। मामले का अनुसंधान फलासिया थानाधिकारी वेलाराम, उपनिरीक्षक, कर रहे हैं।



# नाई थाना क्षेत्र में बाइक चोरी, युवक की रिपोर्ट पर केस दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के नाई थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने रितेश गर्ग पिता भेरूलाल गर्ग, उम्र 21 वर्ष, निवासी उथरदा, तहसील सलूंबर, हाल मुकाम उत्तरी सुंदरवास, उदयपुर की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मोटरसाइकिल चोरी की घटना 23 अगस्त 2026 से 27 सितंबर 2026 के बीच होना दर्ज है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। नाई थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नाई थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नाई थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने नोहरा राहूकूल सेठ की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, परिवादी नोहरा राहूकूल सेठ पिता सूर्यप्रकाश सेठ, जाति जैन, उम्र 28 वर्ष, निवासी 04 नानी गली, जगदीश चौक, थाना घंटाघर, जिला उदयपुर ने मोटर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना 17 से 27 सितंबर के बीच की बताई गई है। नाई थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक दिनेश कुमार कर रहे हैं। पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही है।

# होटल में चोरी के इरादे से घुसे बदमाश, बेटे पर किया हमला; सवीना थाने में केस दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सवीना थाना क्षेत्र में चोरी के इरादे से होटल में घुसे अज्ञात बदमाशों ने होटल मालिक के बेटे पर हमला कर दिया। हमले में युवक को चोट लगी। घटना गोखर मगरी क्षेत्र की बताई गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, परिवादी भगवानलाल पंचाल, उम्र 72 वर्ष, निवासी 59 कान नगर, सेक्टर-8, हिरणमगरी, ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना 26 सितंबर रात करीब 12:30 बजे की बताई गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, अज्ञात अभियुक्त चोरी के इरादे से होटल में घुसे और परिवादी के बेटे पर हमला किया, जिससे उसे चोट लगी। मामले में सवीना थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(6) और 62 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रकरण का अनुसंधान हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह (2764) कर रहे हैं।

# सूरजपोल में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सूरजपोल थाना क्षेत्र की माली कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। अज्ञात बदमाश सुबह करीब 4:50 बजे मोटरसाइकिल चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, परिवादी भगवतीलाल गणेशलाल सुथार, उम्र 27 वर्ष, पेशा प्राइवेट नौकरी, निवासी पातुखेड़ा, थाना कुराबड़, जिला उदयपुर, हाल शांतिलाल सुथार के मकान में किराएदार, नागदा भवन के पास, माली कॉलोनी, सूरजपोल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 27 सितंबर सुबह करीब 4:50 बजे अज्ञात अभियुक्त परिवादी की मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। घटना की सूचना मिलने के बाद सूरजपोल थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक सोहनलाल कर रहे हैं।

# नशे के कारोबार से अर्जित 55 लाख की संपत्ति पर पुलिस का शिकंजा, दो मंजिला मकान और नोहरा फ्रीज





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के जरिए अर्जित की गई संपत्ति पर उदयपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 55 लाख रुपए मूल्य की दो संपत्तियों को फ्रीज किया है। कार्रवाई में एक दो मंजिला आवासीय मकान और एक नोहरा शामिल है। पुलिस ने संपत्तियों पर भारत सरकार के आदेश की सूचना भी अंकित कर दी है, जिसके बाद इनके संबंध में किसी भी तरह का लेन-देन करना प्रतिबंधित रहेगा। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मुकुल शर्मा और वृत्ताधिकारी कोटड़ा डूंगरसिंह के सुपरविजन में बेकरिया थानाधिकारी रामावतार मीणा मय टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और उनसे अर्जित संपत्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार जिस संपत्ति को फ्रीज किया गया है, वह उदयलाल उर्फ उदा पुत्र रतनलाल गुर्जर, निवासी पेमाखेड़ा, थाना विजयपुर, जिला चित्तौड़गढ़ के नाम पर दर्ज है। दोनों संपत्तियों की कुल अनुमानित कीमत करीब 55 लाख रुपए बताई गई है। इनमें दो मंजिला आवासीय मकान और एक नोहरा शामिल है।

### एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-F(1) के तहत कार्रवाई

पुलिस ने दोनों संपत्तियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-F(1) के तहत फ्रीज किया है। संपत्ति फ्रीज करने की कार्रवाई को Competent Authority & Administrator SAFEM(FOP)A & NDPS Act, दिल्ली, भारत सरकार की ओर से स्थायी अनुमोदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अमल में लाया गया। पुलिस टीम ने संपत्ति पर भारत सरकार के आदेश क्रमांक NDPS/ FO/ 1150/ DEL/ 2026, दिनांक 17 सितंबर 2026 की सूचना भी अंकित कर दी है। इसका उद्देश्य संपत्ति से जुड़े किसी भी अवैध हस्तांतरण अथवा लेन-देन को रोकना है।

### बिना अनुमति नहीं बेच सकेंगे संपत्ति

पुलिस ने बताया कि फ्रीज की गई संपत्तियों को Competent Authority & Administrator SAFEM(FOP)A & NDPS Act, दिल्ली तथा थानाधिकारी बेकरिया की अनुमति के बिना बेचना, खरीदना, गिरवी रखना, हस्तांतरित करना या किसी अन्य व्यक्ति को उपहार में देना विधि-विरुद्ध होगा। पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों की आर्थिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना और नशे के कारोबार से बनाई गई संपत्ति को कानूनी प्रक्रिया के तहत रोकना है। उदयपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि ऐसी फ्रीज की गई संपत्तियों के संबंध में किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें। यदि किसी व्यक्ति को मादक पदार्थों की तस्करी, उससे अर्जित संपत्ति या ऐसी किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# RCA चुनाव में बड़ा उलटफेर: पराक्रम सिंह ने नाम वापस लेकर बृजकिशोर उपाध्याय को दिया समर्थन, पवन दिलावर भी मैदान से हटे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) के चुनाव से ठीक एक दिन पहले सोमवार को बड़ा बदलाव सामने आया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह राठौड़ ने अध्यक्ष पद से अपना नामांकन वापस ले लिया और बृजकिशोर उपाध्याय को समर्थन देने का ऐलान किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बेटे पवन दिलावर ने भी उपाध्यक्ष पद से अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। नाम वापसी की प्रक्रिया सोमवार को पूरी हुई।

पराक्रम सिंह ने कहा कि उन्होंने किसी दबाव में नामांकन वापस नहीं लिया है। उनके मुताबिक चुनाव लड़ने के समय उनके साथ 32 वोटों का समर्थन था और वह स्वयं RCA अध्यक्ष बनना चाहते थे। उन्होंने बताया कि उनके साथियों ने भी अलग-अलग पदों के लिए नामांकन दाखिल किए थे, लेकिन बाद में बृजकिशोर उपाध्याय के नेतृत्व में आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया। पराक्रम सिंह ने कहा कि उनके संस्कार उन्हें पार्टी के खिलाफ जाने की अनुमति नहीं देते। इसी वजह से उन्होंने अपने गुट के साथ नाम वापस लेकर बृजकिशोर उपाध्याय को समर्थन देने का फैसला किया। उन्होंने उपाध्याय के नेतृत्व में RCA के कामकाज को लेकर विश्वास जताया।

### अब किन नामों पर टिकी नजर

नाम वापसी के बाद RCA चुनाव की तस्वीर पहले के मुकाबले बदल गई है। धनंजय सिंह खींवसर अध्यक्ष पद की दौड़ में बने हुए हैं। वह चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे हैं। वहीं आशीष तिवाड़ी कोषाध्यक्ष पद के लिए और मोहित यादव सचिव एवं उपाध्यक्ष पद के लिए मैदान में हैं। आशीष तिवाड़ी राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे हैं, जबकि मोहित यादव भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे हैं। RCA की आधिकारिक वेबसाइट पर 2026-29 चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची और जिला क्रिकेट संघों के पदाधिकारियों की सूची जारी की जा चुकी है।

### दीनदयाल कुमावत ने भी नाम वापस लिया

RCA की एडहॉक कमेटी के पूर्व कन्वीनर दीनदयाल कुमावत ने भी अध्यक्ष पद से अपना नामांकन वापस ले लिया। कुमावत ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कुछ निलंबित जिला क्रिकेट संघों को मतदान का अधिकार दिया गया है। उन्होंने इस मामले में कानूनी लड़ाई जारी रखने और चुनाव को चुनौती देने की बात कही है। ये उनके आरोप हैं; इन पर अंतिम न्यायिक निर्णय अलग विषय है। संबंधित मतदान अधिकारों को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट में भी मामला सामने आया है। RCA के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 29 सितंबर को मतदान होना निर्धारित है और मतदान के बाद मतगणना एवं परिणाम घोषित किए जाने हैं। चुनाव प्रक्रिया RCA एकेडमी, जयपुर में होनी है।

# जयपुर में मूसलाधार बारिश के साथ ओले, श्रीगंगानगर में बवंडर से दिन में छाया अंधेरा; नागौर में फसलें प्रभावित



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। जयपुर में शाम होते-होते तेज बारिश शुरू हो गई और कई इलाकों में ओले भी गिरे। तेज बारिश के कारण शाम करीब 5 बजे ही शहर के कई हिस्सों में अंधेरा छा गया। सड़कों पर पानी भरने से लोगों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद आसमान में इंद्रधनुष भी नजर आया। उधर, श्रीगंगानगर जिले के पदमपुर और रावतसर क्षेत्र में सोमवार दोपहर अचानक तूफानी हवाओं के साथ बवंडर आया। तेज अंधड़ के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। श्रीकरणपुर क्षेत्र में सुबह आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम में आए इस बदलाव से इलाके में तापमान में भी गिरावट महसूस की गई।

### नागौर में किसानों की फसल प्रभावित

नागौर जिले के खींवसर, मेड़ता और मूंडवा क्षेत्र में बारिश और अंधड़ ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। खेतों में पानी भरने से बाजरे की खड़ी फसल गिर गई, जबकि कटाई के बाद खेतों में रखी बाजरा, ग्वार और कपास की फसल भीग गई। किसानों का कहना है कि पहले कम बारिश के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ और अब कटाई के समय हुई बारिश ने नुकसान बढ़ा दिया है। ग्रामीण सेवा शिविर में किसानों ने फसल खराबे का मुद्दा उठाते हुए गिरदावरी और मुआवजे की मांग की। नायब तहसीलदार रामनारायण जाखड़ ने प्रभावित खेतों का जायजा लेकर पटवारियों को सर्वे के निर्देश दिए।

### फतेहपुर में 23 एमएम बारिश, कई इलाकों में ओले

पिछले 24 घंटे के दौरान बीकानेर के महाजन फील्ड, रानीसर, लूणकरणसर, सीकर के फतेहपुर शेखावाटी और श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में हल्की बारिश दर्ज की गई। बीकानेर और फतेहपुर शेखावाटी में तूफानी बारिश के साथ ओले भी गिरे। देर शाम चूरू के सुजानगढ़ और बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। फतेहपुर में 23 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।

### उदयपुर में तापमान गिरा, कोटा में उमस बरकरार

उदयपुर में रविवार को तापमान में 1.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई। दिन का तापमान 32 डिग्री रहा, जबकि एक दिन पहले यह 34.2 डिग्री सेल्सियस था। तापमान में कमी और ठंडी हवा से लोगों को गर्मी से राहत मिली। कोटा में अधिकतम तापमान 33.7 और न्यूनतम 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिनभर धूप रहने से गर्मी और उमस बनी रही। इस सीजन में कोटा में अब तक 461.7 एमएम बारिश दर्ज हुई है। सीकर में रविवार शाम तेज हवा के साथ करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। यहां अधिकतम तापमान 36.5 और न्यूनतम 21.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अजमेर में दिनभर धूप रही और अधिकतम तापमान 32 डिग्री दर्ज हुआ। अलवर में रविवार शाम अचानक मौसम बदला और कई इलाकों में घने बादलों के साथ तेज बारिश हुई।

# राजस्थान क्लासिक बेंच प्रेस चैंपियनशिप में उदयपुर का शानदार प्रदर्शन, 11 पदक जीते



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 सितम्बर। फलोदी के नगर परिषद सभागार में आयोजित राजस्थान राज्य क्लासिक बेंच प्रेस चैंपियनशिप में उदयपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 1 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 11 पदक अपने नाम किए। उदयपुर टीम ने राज्य सीनियर महिला वर्ग में उपविजेता का खिताब भी हासिल किया। जिला पावरलिफ्टिंग संघ उदयपुर के सचिव विनोद साहू ने बताया कि 74 किलोग्राम सीनियर एवं जूनियर दोनों वर्गों में हिस्सा लेते हुए देवेंद्र नागदा ने 155 किलोग्राम वजन उठाकर दो स्वर्ण पदक जीते। वहीं, 47 किलोग्राम सब-जूनियर एवं सीनियर वर्ग में हंसिका कामोया ने भी दो स्वर्ण पदक हासिल किए। 74 किलोग्राम मास्टर-4 वर्ग में हरीश चावला और 83 किलोग्राम मास्टर-4 वर्ग में ओम सिंह चौहान ने स्वर्ण पदक जीता। 74 किलोग्राम सीनियर वर्ग में देवेंद्र नागदा ने रजत पदक हासिल किया। 105 किलोग्राम सीनियर वर्ग में मितांशु सेन, 66 किलोग्राम जूनियर वर्ग में जयेश कामोया और 83 किलोग्राम जूनियर वर्ग में सुमित शर्मा ने कांस्य पदक जीते। वहीं, 84 किलोग्राम से अधिक सीनियर वर्ग में दिशा सिसोदिया और 59 किलोग्राम सीनियर वर्ग में मोहित भट्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। उदयपुर टीम की इस उपलब्धि पर राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली, सचिव डॉ. देवेंद्र साहू, उदयपुर जिला ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष जालमचंद जैन, जिला खेल अधिकारी चित्तौड़गढ़ गिरधारी सिंह चौहान, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चंद्रेश सोनी, भूपेंद्र व्यास, महाराणा प्रताप पुरस्कार विजेता माला सुखवाल एवं गौरव साहू सहित खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# राजकुमार फत्तावत के चेयरमैन बनने पर महिला प्रकोष्ठ की ओर से किया भव्य अभिनंदन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 28 सितम्बर। श्री महावीर युवा मंच संस्थान महिला प्रकोष्ठ की ओर से राजकुमार फत्तावत के चेयरमैन पद पर निर्वाचित होने पर बापूबाजार स्थित एलबीएस सभागार में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक णमोकार मंत्र जाप के साथ हुई। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोनल सिंघवी ने बताया कि राजकुमार फत्तावत का शॉल, मेवाड़ी पगड़ी, उपरना एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की ओर से उन्हें सफल कार्यकाल एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। स्वागत उद्बोधन में सोनल सिंघवी ने कहा कि फत्तावत का चेयरमैन पद पर निर्वाचित होना समाज के लिए गौरव का विषय है। यह उनके लंबे समय से किए जा रहे सामाजिक कार्यों, समर्पण और सेवाभाव का सम्मान है। संस्थान महामंत्री विजयलक्ष्मी गलुंडिया ने राजकुमार फत्तावत को बधाई देते हुए कहा कि उनका सम्मान करीब 40 वर्षों की सफल सामाजिक सेवा, समर्पण और समाज के प्रति निरंतर योगदान का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि फत्तावत के नेतृत्व में संस्था नई ऊंचाइयों को हासिल करेगी। समारोह में महिला प्रकोष्ठ संरक्षिका आशा कोठारी, उपाध्यक्ष शशि चित्तौड़ा, अमिता डांगी सहित अन्य सदस्यों ने विचार व्यक्त करते हुए फत्तावत को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में आत्मीयता, उत्साह और सामाजिक एकजुटता का माहौल रहा। महिला प्रकोष्ठ महामंत्री प्रिया झगडावत ने अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंजू फत्तावत, वस्तावत, उर्मिला नागोरी, सुनीता बेलावत, भावना शाह, सरोज चित्तौड़ा, संगीता जारोली, साधना मोगरा, सुनीता लोढ़ा, सुनीता जैन, सुलोचना जैन, मधु बडाला, कल्पना जैन, प्रिया गलुंडिया, चित्रलेखा तलेसरा, अर्चना जैन, रेखा रानी जैन, हेमलता आंचलिया सहित बड़ी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# 4 अक्टूबर को सिंधी समाज JSP का जनरल बोर्ड महासम्मेलन, नई पीढ़ी को समाज से जोड़ने पर रहेगा जोर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सिंधी समाज उदयपुर (JSP) की ओर से आगामी 4 अक्टूबर को रानी विलेज, फतेहसागर रोड, रानी रोड, उदयपुर में जनरल बोर्ड महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। महासम्मेलन को लेकर समाज की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अधिक से अधिक परिवारों और समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए एरिया-वाइज समाज प्रतिनिधियों द्वारा व्यक्तिगत संपर्क अभियान चलाया जाएगा। सिंधी समाज उदयपुर JSP के अध्यक्ष हरीश राजानी ने समाजजनों से महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को मजबूत, संगठित और भविष्य के लिए सशक्त बनाने के लिए नई पीढ़ी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना प्राथमिक उद्देश्य है। युवा वर्ग को सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दिए जाने चाहिए, ताकि आने वाले समय में समाज का नेतृत्व युवा मजबूती से संभाल सकें। हरीश राजानी ने कहा कि जो समाजजन अभी तक सिंधी समाज उदयपुर JSP के सदस्य नहीं बने हैं, वे सदस्यता ग्रहण करें। वहीं वर्तमान सदस्य अपने परिवार में 18 वर्ष से अधिक आयु के भाई, बेटे, भतीजे और नई पीढ़ी के अन्य सदस्यों को भी समाज से जोड़ने का प्रयास करें। युवाओं की सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। समाज के संरक्षक प्रताप राय चुघ ने भी महासम्मेलन में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता और मजबूती सभी समाजजनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक परंपराओं, संस्कारों और संगठनात्मक भावना को आगे बढ़ाने के लिए नई पीढ़ी की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने समाजजनों से अपील की कि वे स्वयं महासम्मेलन में शामिल हों और परिवार के युवाओं को भी साथ लेकर आएं। साथ ही सदस्यता अभियान में सहयोग करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ें। महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में तय किया गया कि एरिया-वाइज समाज प्रतिनिधि समाजजनों से व्यक्तिगत संपर्क करेंगे। इस दौरान उन्हें महासम्मेलन में शामिल होने के साथ सदस्यता अभियान से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। इसके माध्यम से अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंच बनाने और नए सदस्यों को संगठन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में मुरली जी राजानी, भगवानदासी चावड़ा, राजेश जी चूघ, हरी जी सिद्धवानी, कमल जी पोंजा, अशोक जी लिंजारा, भारत खत्री, मुकेश माधवानी, उमेश नारा और सुरेश सावला सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने महासम्मेलन को सफल बनाने और नई पीढ़ी की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।